राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 31 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटेल चौक, पटना के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना नमन निवेदित किया।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उक्त राजकीय समारोह में माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग श्री नंद किशोर यादव, माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, माननीय पंचायतीराज मंत्री श्री कपिल देव कामत, पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गाँधीजी' सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, आयोगों/सामाजिक–राजनीतिक संगठनों/संस्थानों आदि के अध्यक्षों/सदस्यों/पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

....